**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**12.12.2024/प्रादेशिक समाचार/09.20 बजे**

**मंत्रिमंडल बैठक**

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में होगी। उम्मीद जताई जा रही है कि बैठक में 6 हजार से ज्यादा पौंग बांध विस्थापित परिवारों के पुनर्वास मामले पर मंत्रिमंडल कोई फैसला ले सकता है। इसके अलावा भोटा स्थित राधा स्वामी चेरिटेबल अस्पताल मामले पर भी बैठक में चर्चा हो सकती है। बैठक में मंत्रिमंडल विभिन्न विभागों में खाली पडे पदों को भरने के अलावा शीतकालीन सत्र की तैयारियों पर मंत्रणा भी कर सकता है।

**प्रतिभा सिंह**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने भाजपा पर ओछी राजनीति करने का आरोप लगाया है। प्रतिभा सिंह ने भाजपा नेताओं द्वारा प्रदेश सरकार के दो साल के कार्यकाल पर आयोजित कार्यक्रम के विरोध में राज्यपाल को ज्ञापन देने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कोई भी सरकार अपनी उपलब्धियों की जानकारी आमजनतक पहुंचाने व भावी योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए ऐसे आयोजन करती है।

**त्रिलोक कपूर**

दूसरी ओर भाजपा के प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर ने प्रदेश कांग्रेस सरकार के दो वर्षों के कार्यकाल को निराशाजनक बताया है। पालमपुर में एक पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अब तक के कार्यकाल में भ्रष्टाचार और झूठ के दलदल में फंस गई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने पूर्व भाजपा सरकार की योजनाओं को बंद करने और प्रदेश के हर वर्ग को प्रताड़ित करने का काम किया है।

**गेहूं भंडारण**

केंद्र सरकार ने 31 मार्च 2025 तक लागू गेहूं भंडारण की सीमा को संशोधित करने का निर्णय लिया है। समग्र खाद्य सुरक्षा का प्रबंधन करने और जमाखोरी रोकने के लिए, केंद्र ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में व्यापारियों, थोक और खुदरा विक्रेताओं के लिए गेहूं के भंडारण की सीमा घटा दी है। व्यापारियों और थोक विक्रेताओं के लिए गेहूं की भंडारण सीमा 2,000 मीट्रिक टन से घटाकर 1,000 मीट्रिक टन कर दी गई है, जबकि खुदरा विक्रेताओं के लिए यह सीमा 10 मीट्रिक टन से घटाकर 5 मीट्रिक टन कर दी गई है।

विभाग ने सभी गेहूं भंडारण इकाईयो को गेहूं स्टॉक सीमा पोर्टल पर पंजीकरण करना और हर शुक्रवार को उसकी वर्तमान उपलब्धता की जानकारी साझा करना आवश्यक बताया है।

**सेब बागवान**

बागवानी विभाग ने सेब के पौधों और रूट स्टॉक की बिक्री शुरू कर दी है। विभाग **पहले आओ–पहले पाओ** के आधार पर बागवानों को पौधे उपलब्ध करवाएगा। विभाग ने इस बार साढ़े 4 लाख से अधिक सेब के पौधों व रूट स्टॉक बेचने का लक्ष्य रखा है। बागवानी विभाग इस बार खुद के तैयार किए पौधों व रूट स्टॉक को बागवानों को उपलब्ध करवाएगा। बागवान स्थानीय ब्लॉक व बागवानी विभाग अधिकारी के कार्यालयों में अपनी मांग दे सकतें हैं।

## मौसम

प्रदेश की ऊंची चोटियों पर बीते दिनों हुए हल्के हिमपात के बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट के चलते समूचा राज्य कड़ाके की ठंड की चपेट में है। हालांकि अधिकतर जिलों में आज दिन की शुरूआत खिली धूप के साथ हुई है। मौसम विभाग ने आज से मौसम के करवट लेने की उम्मीद जताई है, जिसके चलते पांच जिलों लाहौल स्पीति, चंबा, कुल्लू, किन्नौर और कांगड़ा जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होने की संभावना है।

## सुर्खियां समाचार पत्रों से

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने प्रदेश सरकार के दो साल के कार्यकाल पूरा होने की खबर को सचित्र प्रकाशित किया है।

अमर उजाला मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है **सेब के बराबर होगा जैविक गेहूं का मूल्य, संपदा का करेंगे सही बंटवारा, लेंगे कड़े फैसले।** दैनिक जागरण व हिमाचल दस्तक का शीर्षक है **अभी समारोह 2027 में आत्मनिर्भर हिमाचल का मनाएंगे जश्न।** दिव्य हिमाचल के शब्द हैं **हिमाचल अपनाएगा राहुल गांधी का विजन।**

**भाजपा ने राज्यपाल को सौंपा कच्चा चिट्‌ठा** शीर्षक से दैनिक जागरण लिखता है **जयराम व बिंदल सहित नेताओं ने सीएम ऑफिस को बताया भ्रष्टाचार का अड्‌डा।**

पंजाब केसरी की एक खबर है **अंबुजा सीमेंट प्लांट से धुएं के साथ निकली धूल से फैला प्रदूषण, नोटिस जारी।**

मौसम पर दैनिक भास्कर के शब्द हैं **5 जिलों में आज बारिश–बर्फबारी की संभावना, मैदानों में बढ़ेगी ठंड।**